
## न्यूज डायरी





### चीन ने दौलतबेग ओल्डी के पास तेज की सैन्य तैयारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। भारत और चीन के बीच 14 वें दौर की बातचीत चीन के अड़ियल रुख के कारण बिना किसी सकारात्मक परिणाम के आए फेल हो गई है। दोनों ही देशों ने लद्दाख में एलएसी पर विवाद को आपसी स्वीकार्य तरीके से सुलझाने के लिए काम करने का फैसला किया है। भारत– चीन के बीच जल्द ही एक और दौर की बातचीत होगी। इस बीच सैटलाइट तस्वीरों से खुलासा हुआ है कि चीन भारत के दौलतबेग ओल्डी के पास देपसांग से सटे इलाके में अपनी किलेबंदी को मजबूत करने के लिए बंकर बना रहा है। सैटलाइट तस्वीरों के मुताबिक साल 2020–21 के बीच में देपसांग में चीन की सेना पीएलए की ओर से बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य को अंजाम दिया गया है। कई छावनी और सैनिकों के रहने के स्थान बनाए गए हैं। इससे चीन की देपसांग और उससे सटे इलाके पर पकड़ और मजबूत हो गई है।

### प्लेब्वॉय इमरान खान ने कंडोम पर लगाया टैक्स, भड़के बिलावल भुट्टो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रमुख विपक्षी दल पीपीपी के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी ने बुधवार को मिनी बजट के दौरान देश की संसद में इमरान खान सरकार पर जोरदार जुबानी हमला बोला। बिलावल ने कहा कि इमरान खान सरकार टैक्स की सुनामीश लाने जा रही है। उन्होंने प्लेब्वॉय की छवि रखने वाले पीएम इमरान खान के ऊपर निजी हमला करते हुए कहा कि पीटीआई सरकार ने कंडोम पर भी टैक्स लगा दिया जिसकी एक खिलाड़ी से उम्मीद न थी। बिलावल ने कहा, गर्भ निरोधक (कंडोम) पर भी टैक्स लगाए गए हैं। अब इमरान जैसे खिलाड़ी से यह उम्मीद नहीं था कि वह गर्भ निरोधक पर टैक्स लगाएं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, बांग्लादेश, भारत में जो जनसंख्या विस्फोट हो रहा है, हम न तो उनके खाने–पीने, शिक्षा, रोजगार का बंदोबस्त कर सकते हैं। पूरी दुनिया में गर्भनिरोधक को बढ़ावा दिया जा रहा है और पाकिस्तान इस पर टैक्स लगा रहा है।

### अफगान महिलाओं का तालिबान के खिलाफ जारी प्रदर्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। काबुल में सभी क्षेत्रों की दर्जनों अफगान महिलाओं ने सरकारी नौकरी और समाज में महिलाओं को समान दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर तालिबान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। टोलो न्यूज ने बताया कि बुधवार के विरोध–प्रदर्शन में भाग लेने वाली कुछ महिलाएं पूर्व अफगानिस्तान सरकार में स्वतंत्र प्रशासनिक सुधार और सिविल सेवा आयोग में आफिसर थीं। तालिबान के अधिग्रहण के बाद इन महिलाओं ने अपनी नौकरी खो दी थी। आपको बता दें कि विरोध में भाग लेने वाली एक महिला फिरोजान अमीरी ने कहा कि स्वतंत्र प्रशासनिक सुधार, सिविल सेवा आयोग में काम करने वाली हम महिलाओं और सरकारी विभाग के 28 प्रतिशत सक्रिय बल को 15 अगस्त 2021 को इस्लामिक गणराज्य अफगानिस्तान के पतन और सरकारी विभागों पर तालिबान के शासन से बड़ी क्षति हुई है। महिला प्रदर्शनकारियों ने एक प्रस्ताव भी जारी किया है।

### पाकिस्तान में विपक्षी गंठबंधन दलों ने इमरान सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान विपक्षी दलों ने अविश्वास प्रस्ताव पर विचार सहित इमरान खान सरकार के खिलाफ अपने प्रयासों को तेज करना शुरू कर दिया है। न्यूज इंटरनेशनल के मुताबिक पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने बुधवार को कहा कि 25 जनवरी को सरकार विरोधी विपक्षी गठबंधन के वरिष्ठ नेतृत्व की बैठक होगी। इसमें प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के विकल्प पर विचार किया जाएगा। नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता शाहबाज शरीफ के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए फजल ने कहा कि सरकार विरोधी गठबंधन दल मौजूदा सरकार को तत्काल बर्खास्त करने के विकल्पों पर विचार कर रहे हैं।

# भारतीय सेना प्रमुख के बयान से बौखलाया चीनी ड्रैगन

**बौखलाहट**

चीनी विदेश मंत्रालय ने भारतीय सेना प्रमुख के बयान पर दी नसीहत

## ड्रैगन ने कहा कि हम आशा करते हैं कि भारत के लोग टिप्पणी करने से बचेंगे





**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बीजिंग। भारत के साथ बार–बार बातचीत के नाम पर धोखा दे रहा चीनी ड्रैगन सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की चेतावनी से बौखला गया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत और चीन राजनयिक और सैन्य चौनलों से बातचीत कर रहे हैं ताकि सीमा पर तनाव को कम किया जा सके। ड्रैगन ने कहा कि हम आशा करते हैं कि भारत के लोग गैर रचनात्मक टिप्पणी करने से बचेंगे। इससे पहले सेना प्रमुख जनरल नरवणे ने बुधवार को चीन के नए सीमा कानून को खारिज करते हुए दो टूक संदेश दिया था कि भारतीय सेना पीएलए को करारा जवाब देगी।

सेना प्रमुख के इसी बयान पर चीन बौखला गया है और वहां के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी करके टिप्पणी नहीं करने की नसीहत दी है। भारत और चीन के बीच बुधवार को 14वें दौर की वार्ता हुई थी जो किसी हल तक पहुंचने में विफल रही। चीन बार–बार बातचीत के नाम पर केवल समय काट रहा है और वह अक्साई चिन से लेकर अरुणाचल तक अपनी सैन्य तैयारी को मजबूत बनाने में जुटा हुआ है।

**जब तक मुद्दा सुलझेगा नहीं, ऐसे चीजें आती रहेंगीः** इसी खतरे को देखते हुए सेना प्रमुख जनरल नरवणे ने कहा था कि चीन के साथ एलएसी हटने की कार्रवाई हुई है लेकिन अभी खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि वेस्टर्न फ्रंट पर विभिन्न लॉन्च पैड में आतंकवादियों की सक्रियता बढ़ी है। सेना प्रमुख ने कहा कि हमने पूर्वी लद्दाख समेत पूरे नॉर्दर्न फ्रंट में फोर्स, इंफ्रास्ट्रक्चर, हथियारों की क्षमता बढ़ाई है। नॉर्दर्न फ्रंट में पिछले डेढ़ साल में हमारी क्षमता कई तरह से बढ़ी है।

अरुणाचल प्रदेश में चीन द्वारा बुनियादी ढांचे के निर्माण की खबरों पर सेना प्रमुख ने कहा कि ऐसा इसलिए होता है क्योंकि एलएसी तय नहीं है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर अलग–अलग धारणाएं हैं कि सीमा वास्तव में कहां है। जब तक सीमा के मुद्दे अनसुलझे रहेंगे, इस तरह के मुद्दे सामने आते रहेंगे।

जनरल नरवणे ने कहा कि दीर्घकालीन समाधान सीमा प्रश्न को हल करना है, न यह कि हमारे द्विपक्षीय संबंधों में मतभेद है। उन्होंने कहा कि हम अपनी सीमाओं के सुरक्षा को लेकर अच्छी तरह से तैयार हैं। सेना प्रमुख ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है जो यथास्थिति आज है उसे कभी भी बदला जा सकता है।

# पगड़ीधारी, अपने देश वापस लौट जाओ...

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। अमेरिका में हमले का शिकार हुए भारतीय मूल के सिख टैक्सी ड्राइवर ने कहा है कि वह अपने ऊपर हुए हमले से 'हैरान और गुस्से में' हैं। ड्राइवर ने कहा कि किसी को भी ऐसी नफरत भरी हिंसा का सामना न करना पड़े। कुछ दिन पहले जॉन एफ कैनेडी (जेएफके) हवाई अड्डे पर एक अज्ञात व्यक्ति ने सिख टैक्सी ड्राइवर पर हमला किया था और उन्हें 'अपने देश लौट जाने' को कहा था।

समुदाय आधारित नागरिक एवं मानवाधिकार संगठन 'द सिख कोएलिशन' ने तीन जनवरी को एक बयान में कहा कि न्यूयॉर्क सिटी के निवासी सिंह पर यहां जेएफके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनकी कैब के पास हमला किया गया और उन्हें पीटा गया। संगठन ने अपने बयान में कहा कि सिंह ने अपनी कैब टर्मिनल 4 टैक्सी स्टैंड पर खड़ी की थी। तभी एक अन्य ड्राइवर ने उनके वाहन को रोक दिया।

जब सिंह ने एक सवारी को अपनी कार में बैठाया और दूसरे ड्राइवर को आगे बढ़ने के लिए कहा तो दूसरे ड्राइवर ने सिंह को अपनी कार के दरवाजे से मारने का प्रयास किया। इसके बाद उसने सिंह के सिर, छाती और बाहों पर बार–बार घूंसे मारना शुरू कर दिया।



## अंतरिक्ष से विशाल पेड़ की तरह से दिखा हिमालय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। दुनिया की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट दूर से ही नजर आती है। इसकी ऊंचाई रेकॉर्ड 29,032 फुट है। क्या आपने सोचा है कि अंतरिक्ष से हिमालय की यह चोटी कैसी नजर आती है ? जी हां, नासा के अंतरिक्षयात्री ने नए साल पर धरती से 400 किमी की ऊंचाई से ली गई माउंट एवरेस्ट की अद्भुत तस्वीर शेयर की है। उन्होंने ट्वीट करके लोगों से कहा कि इस तस्वीर में एवरेस्ट को तलाश करके दिखाओ। इस तस्वीर में पूरा हिमालय नजर आ रहा है और एवरेस्ट को खोज पाना लगभग असंभव नजर आ रहा है। इस तस्वीर को लिया है, नासा के अंतरिक्षयात्री मार्क वंदे हेई ने अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन से ली है।

# नवाज शरीफ को वापस लाने की तैयारी कर रही पाक सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। इमरान खान सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के प्रत्यर्पण मामले की प्रक्रिया को तेज करने के लिए कदम उठाए हैं। पंजाब सरकार को निर्देश दिए गए हैं कि सरकार को सौंपी गई नवाज शरीफ की मेडिकल रिपोर्ट की जांच के लिए एक मेडिकल बोर्ड का गठन किया जाए। द न्यूज इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, अटार्नी जनरल खालिद जावेद ने पंजाब सरकार के गृह सचिव जफर नसरुल्ला खान को एक पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने दिसंबर में शहबाज शरीफ और नवाज शरीफ द्वारा सौंपी गई मेडिकल रिपोर्ट की जांच के लिए एक मेडिकल बोर्ड का गठन करने के लिए कहा है।

**मेडिकल रिपोर्ट की जांच के लिए बोर्ड का गठन करने के निर्देश**

इस बीच आंतरिक मामलों के लिए प्रधानमंत्री के सलाहकार शहजाद अकबर ने कहा कि नवाज शरीफ को पिछले साल दिसंबर महीने में ब्रिटेन में घेर लिया गया था क्योंकि पाकिस्तान सरकार उनके प्रत्यर्पण मामले को सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रही थी। उन्होंने कहा कि शरीफ दोषी हैं और ब्रिटेन के आव्रजन कानूनों के अनुसार उन्हें विजिट वीजा पाने का भी अधिकार नहीं है।

डान की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने कहा कि गृह सचिव के फैसले को बरकरार रखते हुए नवाज शरीफ को तुरंत ब्रिटेन छोड़ना होगा। उन्होंने कहा, जब शरीफ ने अपने प्रवास में दूसरे विस्तार के लिए आवेदन किया, तो पाकिस्तान ने ब्रिटेन के गृह सचिव के पास आपत्ति दर्ज की और विस्तार के अनुरोध को खारिज कर दिया। उन्होंने आगे बताया कि अब नवाज शरीफ ने आव्रजन न्यायाधिकरण में गृह सचिव के फैसले को चुनौती दी है। उन्होंने कहा, चूंकि शरीफ के पासपोर्ट की समयसीमा समाप्त हो चुकी है और इसके नवीनीकरण के आवेदन को भी खारिज कर दिया गया है। जब उनका प्रत्यर्पण किया जाएगा तो उन्हें एकमुश्त यात्रा दस्तावेज जारी किए जाएंगे।

## नाइजीरिया के लोग अब चला सकेंगे ट्विटर, 7 महीने बाद हटा बैन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबुजा। नाइजीरियाई सरकार ने देश के 20 करोड़ से अधिक लोगों के सोशल मीडिया नेटवर्क ट्विटर से बाहर होने के सात महीने बाद उसपर से प्रतिबंध हटा लिया है। देश की राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी के महानिदेशक काशीफू इनुवा अब्दुल्लाही के अनुसार, नाइजीरियाई राष्ट्रपति मुहम्मदु बुहारी ने गुरुवार को देश में ट्विटर का संचालन फिर से शुरू करने का निर्देश दिया है। अब्दुल्लाही ने कहा कि ट्विटर द्वारा नाइजीरिया में एक कार्यालय खोलने सहित कुछ शर्तों को पूरा करने के लिए सहमत होने के बाद ही यह प्रतिबंध हटाया गया है। नाइजीरिया ने नाइजीरिया के कॉर्पोरेट अस्तित्व को कम करने में सक्षम गतिविधियों के लिए ट्विटर के लगातार उपयोग का हवाला देते हुए, 4 जून को ट्विटर के संचालन को निलंबित कर दिया था। इस कार्रवाई ने कई आलोचनाओं को भी जन्म दिया था क्योंकि यह ट्विटर द्वारा बुहारी के एक पोस्ट को हटाने के तुरंत बाद आया था।